राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

22 अप्रैल 2023: शनिवार: वर्ष– 04: अंक – 01

चंदा ने जादू फैलाया

आज की कविता

क्या हो अगर रात में चाँद की रोशनी से पूरे जंगल को दिन का भ्रम हो जाए? चिड़ियाँ तो चहक कर उठ जाएंगी। उल्लू अपने खोखल में दुबक कर आँखें मीचे सो रहेगा। तारों का क्या होगा? मुर्गे का क्या होगा? क्या जंगल में रात में दिन का नज़ारा दिखने लगेगा? तो आओ सुनते और देखते हैं ये कविता। कविता देखने सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Parag

मेंढक की तरकीब

आज की कहानी

मेंढक को जबरदस्त भूख लगी थी। बगीचे में कीट पतंगों का मेला भी लगा था लेकिन मेंढक जैसे ही उन्हें लपकना चाहता वो दूर उड़ जाते और मेंढक की जीभ सूनी रह जाती। थक हार कर मेंढक लौट ही रहा था कि उसे एक घर के आले में मोमबत्ती जलती दिखाई दी। इससे एक आइडिया आया। आगे क्या हुआ?, देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

युद्ध क्यों होते है?

आज की किताब

दुनियां का इतिहास लड़ाइयों से भरा पड़ा है। पर दो लोग लड़ते क्यों है? दुनियां के कई देश आपस में युद्ध लड़ रहे है। हथियारों और सेना के बल पर एक दुसरे की जीत हार का दावा करते टीवी पर समाचार हमें सैनिकों की दशा दिखाते है। अगर इन सैनिकों को नहीं लड़ना पड़े तो क्या कुछ अच्छा होगा? ऐसे ही कुछ सवालों से रूबरू होने और जवाब जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर कहानी पढ़े।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

तीलियों का स्टूल

आज की गतिविधि

लकड़ी का, प्लास्टिक का और लोहे की छड़ों वाला स्टूल तो आपने देखा ही होगा। पर क्या आपने कभी सोचा सरकंडे की तीलियों वाला स्टूल, जिसे मूढ़ा भी कहते हैं वह इतना मजबूत कैसे होता है? आज हम एक मॉडल की माध्यम से इसे जानने का प्रयोग करते है। इसको बनाने के लिए आपको दो ढक्कन और 16 तीलियाँ चाहिए। चित्र पर क्लिक करके देखते हैं विधि।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

भाषा कैसे सीखतें है ?

टीचर्स कॉर्नर

इंसानों में भाषा का कौशल जितना सहज है, उतना ही जटिल है इसके अर्जित किये जाने को समझना। हमेशा ही यह समाजशास्त्रियों एवं भाषा विज्ञानियों के लिए रुचि का विषय रहा है। क्या यह जन्मजात है या एक लंबी श्रमसाध्य प्रक्रिया? या फिर दोनों का ही मिली जुला कुछ? पढ़ते हैं जीनआइसिचन का यह आलेख। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें

शिक्षकों के लिए। Vidya Bhawan Society

फूलों में परागण

हमारा पुस्तकालय

फूलों में परागण एक जटिल और सूक्ष्म प्रक्रिया है। वैज्ञानिकों ने इस प्रक्रिया को बहुत ही जतन से जाना और समझा है। बच्चों के बीच इसे रोचक तरीके से समझाने के लिए पोस्टर, विडिओ और ब्लैक बोर्ड की जहां सीमा है वहाँ रोल प्ले इसे बेहतर समझने में कहीं ज्यादा मददगार है। देखते हैं रोल प्ले के माध्यम से फूलों में परागण को समझना।

शिक्षकों के लिए। Joy of Learning Foundaion

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 156वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।